# प्रगति प्रतिवेदन




## 1अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक

## ग्रामीण विकास समिति

### बहरीपुर जौनपुर उत्तर प्रदेश

**Mahanth Raj Secretary** Mobile No.9451148948 -9695617348

**Email ID -** gvsjaunpur@gmail.com/ rgvsjaunpur@rediffmail.com

ग्रामीण विकास

ग्रामीण विकास समिति बहरीपुर जौनपुर एक गैर राजनैतिक गैर अलाभकारी स्वयंसेवी संस्था है जिसका रजिस्ट्रेशन सोसायटी एक्ट 21.1860 के अंतर्गत रजिस्टर्ड है संस्था विगत 20 वर्षों से उत्तर प्रदेश के जनपद जौनपुर व प्रतापगढ़ तथा सोनभद्र (रॉबर्टगंज विकास खण्ड के 15 गांवों व बदलापूर विकास खण्ड 30 खुटहन विकास खण्ड के 35 आसपुर देवसरा विकास खण्ड 15 मे सधन रूप अति निर्धन सधन रूप से अति निर्धन असहाय दलित एवं अतिवंचित परिवार के हक अधिकार व सम्मान एवं सामाजिक समरसता व आर्थिक स्वावलंबन के प्रति प्रयासरत है ग्रामीण विकास समिति द्वारा विविघ कार्यक्रम का आयोजन करता है

## संस्था का उद्देश्य

1. देश कि एकता अखंडता शांति व आपसी सद्भाव का विकास हो
2. बालक बालिकाओ कि विविघ विकास हेतु वातावरण तैयार करना
3. ग्रामीण विकास व समाज कल्याण कार्यक्रम के संचालन मे सहयोग करना व शिक्षण प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन करना
4. अल्पसंख्यक परिवार के युवाओ विकास हेतु शिक्षण महिलाओ के स्वावलंबन प्रशिक्षण व विविघ कार्यक्रम को बढ़ाना असहाय उपेक्षित लोगों कि सेवा करना स्वाभिमान व स्वावलंबन कि मूल भूत सुविधाओ को प्रदान करने हेतु शिल्प कुटीर उघोगो व प्रशिक्षणों का संचालन करना
5. पर्यावरण व प्रौघोगिकी विकास कि दृष्टि शोध व प्रचार व प्रसार जल प्रबंधन स्वच्छता साफ सफाई स्थाई कृषि परंपरागत प्रशिक्षण व जागरूक करना

### संस्था विजन

स्वायत्त एवं स्वावलंबी शोषण मुक्त समाज का निर्माण करना

### संस्था का मिशन

चेतना जागृति व संगठन आत्मसम्मान स्वालंबन हेतु प्रेरित करना

### चयनित ग्राम पंचायत / ग्राम

- **मल्लुपुर**
- **अंदीपुर**
- **रतासी**
- **बदलपट्टी**
- **अर्जुनपुर**
- **महदा**
- **बहरीपुर**
- **तुलसीपुर**
- **घाघरपारा**

## कार्यक्रम का उद्देश्य -

- महिलाये अपने संवैधानिक अधिकारो व कर्तव्यों के प्रति जागरूक व जानकार हो पाये
- महिलाये अपने हक अधिकारों को प्राप्त करने के लिए खुद अगुवाई ले सके

ग्रामीण विकास समिति बहरीपुर

- महिलाओ का ग्राम पंचायत ब्लाक स्तर पर सक्रिय महिला संगठन हो जिसकी अगुवाई महिलाये खुद कर रही हो
- महिलाओ का एक ऐसा संगठन हो जो स्वयं अगुवाई एवं कार्य क्रम के केंद्र बिन्दु मे भागीदारी के साथ साथ अपनी जबाब देही भी सुनिश्चित कर सके
- सरकारी योजनाओ तक महिलाओ कि पहुच बनाना जैसे PDS, पेंशन ,मनरेगा आवास ,शौचालय ,श्रमिक कार्ड ,सुमंगल योजना व PM विश्वकर्मा योजना आदि

## संचालित गतिविधिया -

1. चयनित ग्राम पंचायत व पुरवा मे जन संपर्क व योजनाओ को लेकर बैठक करना
2. ग्राम पंचायत व पुरवा स्तर पर समुदाय के साथ कार्यक्रम का उद्देश्य पर चर्चा
3. पारिवारिक अनलाइन सर्वे कार्य करना
4. मजदूर दिवस / श्रमिक दिवस पर बहरीपुर गाँव श्रमिकों के साथ बैठक का आयोजन करना
5. पर्यावरण दिवस का रैली संगोष्ठी समुदाय व बच्चों के साथ करना
6. गाँव व पुरवा स्तर पर बैठक व उनकी समस्याए को चिन्हित करना / लिखना
7. गाँव व पूरवा स्तर पर निकल कर आए समस्याओ के समाधान पर चर्चा करना

## अंतर्राष्ट्रीय बाल पुस्तक दिवस-




आज दिनांक 02/4/2024 को ग्रामीण महिला सशक्ति करण के बैनर तले अंतर्राष्ट्रीय बाल पुस्तक दिवस ग्रामीण विकास समिति कार्यालय पार आयोजित किया गया संस्था सचिव श्री महंथ राज द्वारा उपस्थित सभी बालक बालिकाओ को पुस्तक तथा पेन दिया और सभी के सामने अपना विचार रखते हुए कहा कि हम सभी को किताब को पढ़ना चाहिए पुस्तक हमारे छात्र जीवन कि दास्तान है सभी छात्र छत्राओ को हमेशा लगाव होना चाहिए किताब के माध्यम से सफलता मिल सकती है राकेश कुमार के द्वारा बताया गया कि जो किताब से ज्ञान मिलता है उसको न तो कोई चुरा सकता है न ही कोई छिन सकता है वह हमेशा आप के सघर्षों मे काम आती है किताबे पढ़ने से छात्र बुद्धिमान बनते है तथा साथ -साथ अभिभावकों कि जिम्मेदारी है जो बच्चों को शिक्षा स्वास्थ्य व संस्कार को दिशा देने मे सर्व प्रथम भूमिका रहती है अभिभावक व माता-पिता केसाथ- साथ शिक्षक (गुरु) भी बच्चों मे सामाजिक सोच और आगे बढ़ने के प्रति विकल्प तैयार करते है तत्पश्चात अनामिका,सीमा कोमल,सोनम,जी शिक्षा पर एक गीत प्रस्तुत किया और बताया हम लड़कियों के जीवन विकास के लिए शिक्षा बहुत जारूरी है जिसमे 13 महिला 10 बच्चीया तथा 5 पुरुष उपस्थित रहे

**अंतर्राष्ट्रीय विटामिन दिवस-** 04/04/2024 को ग्राम पंचायत महदा मे ग्रामीण महिला सशक्ति करण कार्यक्रम के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय विटामिन दिवस के शुभ अवसर पर जागरूकता अभियान मे बच्चों एवं महिलाओ के स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी गई जिनमे अनेक प्रकार कि बीमारियों से बचाव हेतु विटामिन कि आवश्यकता उपयोगिता के प्रति संस्था सचिव श्री महंथ राज जी ने बताया कि विटामिन



पालक,गाजर,मुली,चुकंदर,खीरा,टमाटर, पपीता आंवला आदि मे विशेष रूप से विटामिन पाया जाता है तत्पश्चात **संगीता** द्वारा बताया गया कि हम लोग बच्चों के प्रति विशेष ध्यान नहीं देते है तो बच्चा कमजोर होने पर अंधविश्वास के ओर जाते है जब कि कमजोरी का कारण खानपान होता है हम लोगों को बदलाव कि आवश्यकता है मीटिंग के साथ -साथ पदयात्रा निकाली गई और नारा लगाया गया गाजर मुली खाना है बीमारी दूर भगाना है जिसमे 19 महिला 10 बच्चे सामील रहे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्रामीण विकास समिति के साथी राकेश राव, अंजू, संगीत, रामकृष्ण, ब्रह्मदेव ने भी सहयोग किया

**डा. भीम राव जयंती समारोह -**14 अप्रैल 2024 को ग्राम पंचायत महदा मे आयोजित किया गया जिसमे संस्था सचिव श्री महंथ राज जी द्वारा बाबा साहब के जीवन संघर्ष पर विचार रखा और कहा हम सब लोगों को बाबा साहब के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए और उनके द्वारा बताए गए शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो, पर अमल करना होगा तभी हमारे समाज का भला हो सकता और बाबा साहब संबिधान मे सभी लोगों को समान अधिकार दिया है चाहे ओ महिला हो या पुरुष इस कार्य क्रम मे अंजू, संगीत, ने भी अपना विचार रखा कार्यक्रम मे 31 महिला तथा 27 पुरुष उपस्थित रहे ग्रामीण विकास समिति बहरीपुर जौनपुर के साथी रामकृष्ण, कमलेश, अंजू संगीता भी ब्रह्मदेव भी सहयोग किए

**मजदूर दिवस -** 1 मई श्रमिक दिवस ग्राम पंचायत मल्लुपुर के रांचन्दर बस्ती मे मंजू देवी के अध्यक्षता मे विद्या जी के घर पर आयोजित किया गया जिसमे संस्था सचिव श्री महंथराज जी द्वारा सरकार के योजनाओ को बताया और श्रमिक कार्ड, पेंशन, राशन कार्ड, जाँब कार्ड बनवाने के लिए जोर दिया इसी क्रम मे परियोजना समन्वयक राकेश कुमार जी ने बताया कि मजदूर दिवस 1 मई 1889 से प्रति वर्ष मनाया जाता है जो श्रमिकों के सम्मान मे मनाया जाता है और बताया कि श्रमिक कार्ड अवश्य बनवा ले जिससे इसका लाभ मिल सके इस बैठक मे ब्रह्मदेव संगीता, अंजू जी ने भी अपना विचार प्रस्तुत किया इस कार्य क्रम मे 28 महिला तथा 12 पुरुष उपस्थित रहे

**पारिवारिक सर्वे GEET APP** अप्रैल व मई माह मे लगातार पारिवारिक सर्वे GEET AAP पर किया गया सर्वे के दौरान सभी कार्यकर्ता परिवार के मुखिया व उत्तर दाता से संपर्क तथा अगुवाओ के साथ बैठक करके सर्वे करवाया गया इस प्रकार अप्रैल मई मे किया गया जो भी नया मुद्दा निकाल कर आया उसको नोट किया गया बहरीपुर मे जलभराव कि समस्या निकल कर आया उसको समाधान हेतु ज्ञापन व मांग पत्र तैयार किया गया उपजिलाधिकारी को देने के लिए योजना बनायी गयी

| **क्रं सं** | **ग्राम पंचायत /पुरवा** | **एससी** | **मुस्लिम** | **योग** |
|---|---|---|---|---|
| **1** | बहरीपुर | 148 | 185 | 333 |
| **2** | तुलसीपुर | | | |
| **3** | घाघरपरा | | | |
| **4** | रतासी | 85 | 45 | 130 |
| **5** | बदलपट्टी | | | |
| **6** | मल्लुपुर | 161 | 138 | 299 |
| **7** | अंदीपुर | | | |
| **8** | महदा | 58 | 23 | 81 |
| **9** | अर्जुनपुर | 67 | 0 | 67 |
| **टोटल** | | 519 | 391 | 910 |

ग्रामीण विकास समिति बहरीपुर

**पर्यावरण दिवस का आयोजन -** 5 जून को अर्जुनपुर मे ग्रामीण विकास समिति के नारी संघ के बैनर तले पर्यावरण का आयोजन किया गया इस अवसर पर ग्रामीण विकास समिति के सचिव श्री




महंथराज जी द्वारा पर्यावरण के विषय मे बताया गया और वृक्ष लगाने के कहा गया तत्पश्चात पर्यवारण जागरूकता रैली निकाली गई जो राजकुमारी के घर से होकर बच्चों के हाथ मे दफ़्ती लेकर नारा **1.** जीवन आधार जल हो तभी बेहतर कल कल हो **2.** वृक्ष को जीवन दो जीवन सुखमय कर दो **3.** प्यासी धरती करे पुकार वृक्ष लगाकर करो शृंगार नारा लगाते हुए सुमन एवं जमुना देवी के घर होते हुए सीता देवी के घर समापन के बाद बैठक कि गई बैठक मे श्री महंथ राज जी द्वारा बताया गया कि हमे अपने आस - पास साफ सफाई का ध्यान रखना चाहिए हमे अपने घरों से निकलने वाले कूडे को अच्छे से साफ सफाई करना अति आवस्यक जिसमे 7 पुरुष 29 बच्चेतथा 17 महिलाओ ने भाग लिया विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कार्य क्रम का संचालन रामकृष्ण ने किया इस कार्यक्रम मे ब्रह्मदेव,संगीता, अंजू कमलेश जी ने भी सहयोग किया




**अगुवाओ का प्रशिक्षण-** आज दिनांक 14 अगस्त 2024 को अगुवाओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण विकास समिति के नारी संघ कार्यालय पार किया गया जिसकी अध्यक्षता सितारा वेगम तथा उपाध्यक्ष संगीत देवी द्वारा किया गया तत्पश्चात सभी सहभागियों अपना परिचय देते संगठन का नाम बताते हुए अपनी अपनी जिम्मेदारीओ को भी बताया तत्पश्चात **निर्मल जी -** निर्मल जी द्वारा गीत के माध्यम से संगठन पर चर्चा किया और बताया सभी बहनों को संगठन मे रहना चाहिए और संगठन के माध्यम से सब कुछ हासिल किया जा सकता है इसके साथ हम लोग चाहे ब्लाक पर काम हो जिला पर काम हो जहां भी काम को लेकर जाएंगे अगर संगठन मे रहेंगे तो बहुत जल्दी सुनवाई होगा **ब्रह्मदेव -** ब्रह्मदेव जी अपना विचार रखते हुए संगठन के माध्यम से होने लाभ पर चर्चा किया और बताया आप सब अगुवाओ को नारी संघ कार्यालय पर अपना काम करे और दूसरों को भी बताए जिससे आप लोगों का काम हो सके पेंशन , राशन कार्ड, श्रमिक कार्ड मनरेगा जॉब कार्ड , पी यम किसान निधी सुमंगला योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह व सरकार द्वारा संचिल योजना का आवेदन और जो यंहा से नहीं होगा हम लोग ब्लाक व तहसील पर चल कर काम करवाने का प्रयास करेंगे **राजकुमारी -** राजकुमारी जी अपना विचार रखते हुए बताया कि नारी संघ कार्यालय से बहुत लाभ हुआ जो भी काम होता है हम लोग नारी संघ कार्यालय पर आकर करवाते है सिलाई मशीन कि आवेदन सुमंगला योजना पेंशन आवास हर योजना कि जानकारी दीदी लोग आकर देती है उसी प्रकार हम लोग आवेदन नारी संघ कार्यालय करवाते है नारी संघ कार्यालय खुलने से हम सभी बहनों को काम करवाने के लिए आसान हो गया इससे हम लोग जो भी काम होता होता है अपना और दूसरों को साथ मे लेकर नारी संघ कार्यालय पर आते है | **विवेक कुमार -** विवेक जी अपना परिचय दिया और और बताया हम नारी संघ कार्यालय पर रहूँगा आप सब का जी भी काम रहेगा हम करेंगे और आप सब का जो भी काम हो उसको करवाने के लिए आप सब कार्यालय आप आए जिससे हर योजनाओ का लाभ मिल सके वह चाहे पेंशन हो मनरेगा जाव कार्ड हो आवास, शौचालय, मुख्यमंत्री विवाह योजना हर योजना का आवेदन नारी संघ कार्यालय पर आकार अवस्य करवाए **आशा -** आशा जी द्वारा बताया गया

नारी संघ कार्यालय पर हमारे ग्राम पंचायत से बहुत लोग कार्यालय पर आकर अपना पेंशन आवेदन किए थे उनको लाभ भी मिलना शुरु हो गया और हम भी नारी संघ के माध्यम से सब के साथ तहसील पर जाकर अपना काम करवाया इससे हमारे बस्ती मे एक बच्ची को मोबाइल भी मिला है इसके माध्यम से काम करवाने मे आसानी होती है जहां हम लोग नहीं जा पाते थे आज संगठन के माध्यम से हम लोग ब्लाक, तहसील पर जाकर आसानी से काम करवा रहे है नारी संघ संगठन से हम सभी महिलाओ को बहुत जानकारी हुई |**राकेश कुमार राव-** राकेश स्पष्टी करण देते हुए कार्यक्रम का उद्देश बताया यह जो कार्यक्रम रखा गया है सभी अगुवाओ का जो जिम्मेदारी है उसको आप लोग जरूर करे जो भी कार्य या योजना है उसको आप सभी को देना और उन लोगों को उस योजना का लाभ दिलवाने के लिए नारी संघ कार्यालय पर साथ लेकर आए जिस योजना के पात्र हो उस योजना मे आवेदन करवाने साथ आए इसके साथ हम लोग बैठक करके आप लोगों को सभी योजनाओ का जानकारी देते रहेंगे और आप सभी के ग्राम पंचायत मे जो पेंशन के पात्र हो उनको आप लोग दस्तावेज तैयार करवा कर नारी संघ कार्यालय पर आकर आवेदन करवाने का कार्य आवस्य करे जिससे उनको लाभ मिल सके | राशन कार्ड बनवाने के लिए तहसील दिवस के दिन हम लोग वहाँ पर चल कर आवेदन करवांगे |

**अंजू -** अंजू जी विचार रखते हुए सभी महिला अगुवाओ को बताया हम महिला कमजोर नहीं है अपने हक अधिकार के लिए लड़ सकते है ब्लाक से केकर जिला तक जा सकते है इस लिए सभी को संगठन मे जुड़ कर कार्य करवाने के लिए तत्पर रहना चाहिए जो सभी को योजनाओ से जोड़ा जा सके जिससे उनको लाभ मिलना सुरू हो जाए और बहुत लोग का पेंशन आना सुरू हो गया है तथा पीएम किसान निधी का भी लाभ मिलना प्रारंभ हो गया जो भी योजना रहेगा हम लोग उसकी जानकारी देते रहेंगे और आप लोग भी सहयोग करे **सितारा बेगम -** कार्य क्रम की अध्यक्षता कर रही सितारा बेगम अपना विचार रखते हुए कहा अभी तक हम मुस्लिम महिलाओ को कोई जानकारी नहीं थी लेकिन जब से संस्था यहाँ काम करने लगी है हमारा स्वयं आवास IGRS के माध्यम से पात्र के सूची मे नाम दर्ज हो गया है और सिक्रेटरी के द्वारा भी बताया गया आप का बहुत जल्द आवास मिल जाएगा और हम लोग को जो भी काम करवाना होता है उसको नारी संघ कार्यालय पर आकर करवाती हु और सभी महिलाओ को बताती हु आप लोग वहाँ जाकर अपना कार्य करवाए

**संस्था सचिव महंथ राज -** श्री महंथ राज जी द्वारा कार्य मे आए हुए सभी का अभिवादन किया और कहाँ आप लोगों का जो भी कार्य हो उसको आकर नारी संघ कार्यालय पर करवाए जो यहाँ से नहीं होगा उसके लिए ब्लाक स्तर से लेकर जहां भी जाना पड़ेगा हमारे सभी साथी साथ चल कर काम करवाने का प्रयास करेंगे जो लोग अभी तक दस्तावेज नहीं बनवा पाए है बनवा ले ताकि हम लोग योजना मे जोड़ने का कार्य कर सके इसी के साथ कार्यक्रम मे आए हुए सभी का पुनः अभिवादन करते हुए कार्यक्रम समापन का घोषणा किया कार्यक्रम का सकुशल संचालन रामकृष्णा जी ने किया कार्यक्रम मे महंथ राज, ब्रह्मदेव,संगीता,अंजू,राकेश,विवेक भी सहयोग किया जिसमे 60 महिला व 9 पुरुष उपस्थित रहे |



**उपजिलाधिकारी को ज्ञापन** 17/08/2024 को एकल महिला एवं प्रवासी मजदूरो द्वारा आजीविका स्वास्थ्य , राशन कार्ड के मुद्दे पर तहसील स्तर पर ज्ञापन दिया गया दिहाड़ी मजदूरों प्रवाशी मजदूरों कार्य व योजना मे भागीदारी ज्ञापन लेकर पहुचे तो अधिकारी नहीं मिले तो लोगों द्वारा कार्यालय बाबू को आवेदन/ ज्ञापन मांगपत्र सौप कर अपनी अपनी समस्याए रखी जिसमे 11 महिला 5 पुरुष साथी सामिल रहे इस अवसर पर ग्रामीण विकास

ग्रामीण विकास समिति बहराइच

समिति बहरीपुर जौनपुर कि सहयोगी टीम अंजू, संगीता, ब्रहमदेव, राकेश कुमार ने कार्य क्रम मे सहयोग प्रदान किया

**गांधी जयन्ती - स्वच्छता कार्यक्रम - 02-10-2024 को** गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत रतासी के संगीता बस्ती मे नीलम जी के अध्यक्षता मे संगीता के घर बैठक किया गया तथा स्वच्छता अभियान मनाया गया तत्पश्चात कार्यक्रम समन्वयक राकेश जी अपना विचार रखते हुए बताया हम सभी को साफ सफाई का हमेशा ध्यान देना चाहिए और अपने घर के पास पडोस सफाई करना चाहिए जिससे नाली का पानी इकट्ठा न हो उससे बहुत से बीमारिया होती है और हम सभी को अपने शरीर को भी स्वच्छ रखना चाहिए और कपड़े को साफ सुथरा पहनना चाहिए भले ही पुराना हो बाहर से आने के बाद हाथ को साबुन से धोना अती आवस्यक है अगर हम लोग सफाई पर नहीं ध्यान देंगे तो बीमारिओ से ग्रसित रहेंगे, **अंजू** जी द्वारा अपना विचार रखते हुए बताया कि स्वच्छता हमे व्यक्तिगत स्तर पर तरोताजा और स्वच्छ रहने मे मदद करती है इसके अलावा यह हमे नुकसान पहुचाने वाले किसी भी वायरस या वैक्टीरिया कि संभावना कम रहती है इसलिए हम सब को मिलकर स्वच्छता पर बहुत अधिक ध्यान देना चाहिए जिससे बीमारियों से बचा जा सके

**विवेक कुमार** जी विचार अपना रखते हुए बताया कि महात्मा गांधी जी जन्म 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर मे हुआ था उनका पूरा नाम मोहनदास करमचंद गांधी था गांधी जी ने अपना जीवन सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों पर वे भारत कि आजादी कि लड़ाई मे अहिंसा और सत्याग्रह का मार्ग अपनाया तथा गांधी जी के जीवन और विचारों मे स्वच्छता का सिद्धांत भी शामिल है तत्पश्चात शिव कुमार सभी मुद्दों को जोड़ते हुए पेंशन, श्रमिक कार्ड राशनकार्ड मनरेगा काम सुमंगला योजना आदि योजना का आवेदन करवाने के लिए नारी संघ कार्यालय पर आए |

**दो दिवसीय कार्यक्रम मनरेगा पी डी यस के मुद्दे को लेकर 18/10/2024 से 19/10/2024** कार्यक्रम सुरुआत करने से पहले सर्व प्रथम प्रार्थना किया गया जिसका बोल था इतनी शक्ति हमे देना दाता उसके बाद कार्यक्रम का अध्यक्ष एंव उपाध्यक्ष का चयन किया गया अध्यक्ष संतरा जी व उपाध्यक्ष सितारा वेगम को बनाया गया तत्पश्चात शिव कुमार कार्यक्रम का उद्देश्य पर चर्चा किया और सभी को एक समान सम्मान अधिकार मिल सके इसपे विस्तार से चर्चा किया **निर्मल बौद्ध** निर्मल जी द्वारा संगठन पर अपनी बात रखते हुए बताया कि जो नारी उत्पीड़न हो रहा है उसको कम करने के लिए सभी बहनों को संगठन मे रह कर किया जा सकता है और संबिधान के आधार पर सभी को समानता का अधिकार है उसको मिलना चाहिए और इस लिए सभी बहनों को संगठन बहुत जरूरी होता है उसके बाद निर्मल जी एक संगठन गीत प्रस्तुत किया जिस गीत का बोल था "जरा अब तो सभल लो मेरी माता बहनों,समय कि ये धारा चली जा रही है, कहा जा रहा चाँद पर ये जमाना, तेरी बुध्दि अब छली जा रही है" इसी गीत के साथ अपनी बात समाप्त किया **राहुल** जी द्वारा नारी शक्ति को मजबूती देने के लिए विचार दिया और कहाँ कि ग्रामीण विकास समिति के संस्था सचिव श्री महंथ राज जी बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहे आप सभी महिलाओ से निवेदन है आप लोग नारी संघ के साथ जुड़ कर सशक्त हो और अपनी भागीदारी स्वंय कर सके और एक मजबूत संगठन हो जिसके माध्यम से आप सभी बहनों अपने अधिकार के के लिए लड़ सके उसके बाद एक




ग्रामीण विकास समिति बहरीपुर

कविता सुनाया [तू नारी हैं तू प्यारी हैं तूने दुनिया सवारी हैं, फिर क्यू तेरे पैरों मे बेड़िया डारी हैं] सभी बहनों को अपने बच्चों शिक्षा पर विशेष ध्यान देना जरूरी हैं **पन्नालाल** जी अपना विचार रखते हुए सभी को जागरूक होने कि जरूरत है तभी सभी को योजना से जुड़ाव हो सकता है और कार्यक्रम मे आई सभी बहनों से निवेदन करता हूँ अपने बच्चों को नशा से जरूर बचाए और शिक्षा पर जोर दो तत्पश्चात **2 बजे लंच ब्रेक** किया गया **संस्था सचिव महंथराज** जी ने बताया कि आजीविका के अंतर्गत राशन कि दुकान व वितरण प्रणाली के प्रति समस्या व सुधार के मनरेगा के अंतर्गत कार्य व भुगतान को नियमित रूप से होना चाहिए इसके लिए नारी संगठन कि संख्या अधिक होनी चाहिए हम तभी शक्ति का एहसास करवा सकते है किसी भी अधिकारी के पास जाते है आप कि बाते सुनी जाएगी अगर आप अकेले रहोगे तो कोई ध्यान नहीं देगा **कार्यक्रम समन्वयक राकेश राव** कार्यक्रम का उद्देश पर चर्चा करते हुए सभी अगुवाओ को बताया कि जो समस्या है उसको आप लोग चिन्हित करके नारी संघ कार्यालय पर आए और आवेदन करवाए और जो यंहा से नहीं होगा उसको ब्लाक पर चल कर करवाया जाएगा आप लोग मनरेगा काम का मांग करे अगर काम नहीं मिलेगा तभी बत्ता मिलेगा **मुन्नी बेगम जी** के द्वारा अगुवाओ के अंदर लीडरशिप तैयार करना होगा जिससे वे लोग सपनी अगुवायी खुद कर सके जिससे अपने भागीदारी व अधिकारों के लिए लड़ सके **द्वितीय दिन 19/10/2024** नारी संघ मंच द्वारा ब्लाक स्तरीय सम्मेलन का दूसरे दिन आयोजन किया गया जिसमे आजीविका के अंतर्गत राशन कि दुकान व वितरण प्रणाली के प्रति समस्या व सुधार के साथ मनरेगा के अंतर्गत कार्य व भुगतान एंव नए जाँब कार्ड कि आवश्यकता समाज कल्याण कि योजनाओ मे भागीदारी, आवास, वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन बहाली व नए आवेदन हेतु चर्चा किया गया जिसमे पेंशन के नाम पर गलत तरीकों से अर्थ का दोहन करना आदि के प्रति जागरूक किया गया बच्चों कि शिक्षा के प्रति सरकार कि नीति व माता पिता/ अभिभावकों कि गैर जिम्मेदारी के प्रति संवेदन शीलता के संदर्भ मे बताया गया स्वास्थ्य के अंतर्गत आशा, एनम व आँगन बाड़ी केंद्र कि भूमिका उससे सम्बन्धित स्वास्थ्य योजनाओ के प्रति बताया गया जिसको प्राप्त करने के लिए अगुवाओ कि भूमिका पर विस्तार से चर्चा किया गया जिसका आयोजन नारी संघ कार्यलय पर आयोजित किया गया जिसमे निकल कर आयी समस्याओ पर मांग पत्र तैयार किया गया इस अवसर पर निर्मल बौद्ध , राहुल,पन्नालाल,मीरा मौर्य,कंचन,नारी चेतना के सचिव मुन्नी बेगम व ग्रामीण विकास समिति के बहरीपुर जौनपुर कि सहयोगी टीम,संगीता,अंजू शिवकुमार,विवेक कुमार,रामकृष्ण,राकेश कुमार राव, ने कार्यक्रम को सफल बनाने मे सहयोग प्रदान किया संस्था सचिव श्री महंथराज द्वारा अपना विचार रखते हुए कार्यक्रम मे आए हुए सफलता के प्रति लोगों का आभार व्यक्त किया जिसमे 121 महिला तथा 18 पुरुष उपस्थित रहे कार्यक्रम का सकुशल संचालन कार्यक्रम समन्वयक राकेश कुमार राव ने किया

**प्रशासन के साथ ब्लाक स्तरी कार्यशाला** 20/12/2024 को नारी संघ के बैनर तले सरकारी




गोदाम बहरीपुर मे आयोजन किया जिसमे सरकार कि योजनाओ मे जुड़ाव, विधवा पेंशन के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड पहचान पत्र , राशन कार्ड जाति प्रमाण पत्र , निवास प्रमाण पत्र , मनरेगा जाँब कार्ड , मनरेगा काम मांग आने जाने के लिए रास्ते कि समस्याओ पर जानकारी प्रदान कि गयी **रेशमा** ने अपना विचार रखते हुए बताया कोई भी संगठन चलाने के लिए अगुवाओ कि बहुत ही अहम भूमिका होती है जिससे संगठन बहुत ही

ग्रामीण विकास समिति बहरीपुर

बजबूती के साथ चलता रहता है इसके माध्यम से हम सब महिला अपने हक अधिकार के लिए लड़ सकते संगठन मे रहने से हर अधिकारी भी आप कि बात सुनेंगे अकेले जाने से जल्दी कोई भी अधिकार आप कि बात सुनने के लिए तैयार नहीं होते इस ली संगठन मे रहना चाहिए "नारी एकता जिंदावाद नारी शक्ति जिंदवाद महिलाओ ने किया ललकार हमको मिले हक अधिकार" **कप्तान सिद्धांत अध्यापक** अपना विचार रखते हुए सभी अधिकार आप सब का सहयोग करेगे व समुदाय कि समस्याओ के निदान के समुदाय जाकर चिन्हित करके ज्ञापन दिया जाएगा जिससे समस्या को समाधान मिल सके आए सभी अभिभावकों को प्रेरित किया कि आप लोग अपने बच्चों को शिक्षा से जुड़ाव करे ताकि बच्चे शिक्षा से वंचित न रहे सभी प्रतिभागियो द्वारा अपनी अपनी समस्याए भी बतायी गयी जिसको संस्था साथी द्वारा चिन्हित किया गया और मांग पत्र तैयार किया गया **संस्था सचिव महंथराज** द्वारा उक्त कार्यक्रम मे अपना विचार रखते हुए अगुवाओ को जागरूक रहने कि जरूरत होने कि जरूरत है जिससे आप को हर सरकारी योजना से जुड़ाव हो सके सफलता के प्रति लोगों का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर ग्रामीण विकास समिति बहरीपुर जौनपुर कि सहयोगी साथी अंजू, संगीता,शिव कुमार, रामकृष्णा मौर्या,विवेक कुमार महंथराज व 14 पुरुष 84 महिला उपस्थित रही कार्यक्रम का सकुशल संचालन कार्यक्रम समन्वयक राकेश कुमार राव के द्वारा किया गया

**सावित्रीबाई फुले जयन्ती का आयोजन-** 03/01/2025 सावित्रीबाई फुले जी जन्म दिवस के अवसर पर ग्रामीण विकास समिति कार्यलय बहरीपुर मे अंजू रजक के अध्यक्षता मे मनाया गया संगीता ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया तत्पश्चात **शिवकुमार** सावित्री बाई फुले जी के जीवन पर प्रकाश डाला बताया उनका जन्म 3 जनवरी 1831 मे हुआ और सावित्री बाई जी का जीवन हमेशा समाज को जागरूक करना व शिक्षा पर जोर दिया कास कर महिलाओ को शिक्षित करने के लिए संघर्ष किया उनका साथ माता फातिमा शेख जी ने दिया **काजल [ एकता नारी संघ महदां ]** जीवन संघर्ष पर चर्चा किया जो संबिधान मे महिलाओ का अधिकार है अभी तक पूरे तरीके से मिल नहीं प रहा है जिससे बहुत से योजनाओ से वंचित रह जाते है इस लिए सभी महिलाओ को शिक्षित होना व अपने बच्चों को शिक्षित करना अति आवस्यक है तभी हम महिला जागरूक हो सकते **सीमा [उजाला नारी संघ]** ने अपना विचार रखते हुए महिला सशक्ति करण पर चर्चा करते हुए बताया कि जब से ग्रामीण विकास समिति के साथी हमारे ग्राम पंचयत मे जाने लगे तब से बहुत जागरूकता हुई है हम लोगों को जानकारी भी होने लगी है और योजना मे आवेदन करवाने के लिए नारी संघ कार्यालय पर आते है जो पेंशन, सुमंगलाक योजना ,श्रमिक कार्ड योजनाओ से जुड़ाव हुआ **नीलम [सवित्री बाई फुले नारी संघ]** ने संगठन पर चर्चा करते हुए संगठन गीत प्रस्तुत किया जिसकी बोल थी ले मासाले चल पड़े है लोग मेरे गाँव के अब अंधेरा जीत लेंगे लोग मेरे गाँव के **संस्था सचिव महंथराज** कार्य क्रम मे आए हुए सभी का अभिवादन किया और बताया आज हमारा समाज इतना पीछे है हम सब के बीच कोई भी योजना पहुँच नहीं पाती जिसका लाभ नहीं मिल पाता जो साथी आप सब के बीच मे जाकर बताते है उसको सुनो और नारी संघ कार्यालय पर आकार आवेदन करवाए जिसका समय से लाभ मिल सके कार्यक्रम का संचालन राकेश राव ने किया इस अवसर पर ग्रामीण विकास समिति के साथी संगीता, अंजू रामकृष्णा, शिवकुमार, विवेक कुमार, राकेश राव महंथराज व 39 महिला 7 पुरुष उपस्थित रहे



**ब्लाक स्तरी महिला सम्मेलन** 18/01/2025 को नारी संघ के बैनर तले महिला सशक्तिकरण के



अन्तर्गत ब्लाक स्तरी कार्यक्रम का आयोजन बहरीपुर गोदाम पर शारदा जी अध्यक्षता मे किया गया जिसमे कार्यक्रम समन्वयक राकेश राव कार्यक्रम के उद्देश्य पर चर्चा करते हुए मनरेगा जॉब कार्ड, व मनरेगा काम के लेकर हो रही समस्या व सुधार को लेकर चर्चा तथा सरकार कि कल्याणकारी योजनाओ मे भागीदारी व योजना मे जोड़ने के प्रयाश किया जा रहा है जिसको लेकर समुदाय कि वर्तमान स्थितियों - परिस्थितिओ के बारे मे विस्तार से चर्चा किया गया तथा कार्य को सुचार रूप से हो सके इस योजना पर बात रखी गयी तत्पश्चात **संगीता** जी संगठन पर विचार रखते हुए बताया कि संगठन का मतलब होता है दो या दो से अधिक लोगों को एक साथ लाकर किसी लक्ष्य को हासिल करने के लिए संगठन बनाना बहुत जरूरी होता है संगठन बनाने से लोगों को अपने हित मे सामूहिक रूप से काम करने मदद मिलती है **मीरा मौर्या** जी महिला सशक्ति करण पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया महिला सशक्तिकरण का मतलब महिलाओ शक्तिशाली बनाना और उन्हे समाज मे उनके वास्तविक अधिकार दिलाना तथा महिलाये अपने जीवन के फैसले स्वयं ले सकती है और परिवार एंव समाज मे वेहतर तरीके से रह सकती है महिला सशक्ति करण के लिए भारत सरकार कई योजना चल रही है इन योजनाओ का मकसद महिलाओ को आर्थिक, शैक्षिक, सामाजिक,राजनीतिक, और मनोवैज्ञानिक रूप से सशक्त बनाना है तथा महिला सशक्तिकरण से महिलाओ को बहुत सहयोग होता है जैसे -

- महिलाओ को उत्पीड़न, शोषण, भेदभाव, तथा मानसिक शोषण से बचाना
- महिलाओ को विकास प्रक्रिया मे शामिल करना
- महिलाओ के उत्पादकता स्तर को बढ़ाना
- महिलाओ को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सास्कृतिक रूप से समानता का अधिकार दिलाना

**रेखा समूह सखी** के द्वारा बताया गया कि हम सब महिलाओ का समूह बनाना चाहिए और समूह के माध्यम से हम लोग आर्थिक वचत कर सकते है और इसमे सरकार भी अनुदान देती है जिससे हम सभी महिला समूह के माध्यम से छोटा व्यापार कर सकते है और स्वरोजगार बन सकते है सभी बहनों को समूह अवश्य बनाना चाहिए **जयचंद {प्रधान}** द्वारा बताया गया अगर हमलोग संगठन मे रहते है तभी हमारी कीमत है नहीं तो कीमत नहीं है उन्हों मे उदाहरण देते हुए बताया अगर अंगूर दुकान पर लेने जाओगे तो गुच्छेदार अंगूर कि कीमत अधिक होती है टूटे हुए अंगूर के अपेक्षा **सीता राम** जी अपनी बात रखते हुए शिक्षा को सभी अभिभावक को ध्यान देना बहुत जरूरी है अभिभावक महीने मे एक बार स्कूल मे आवश्य जाना चाहिए तथा श्रमिक कार्ड अवश्य बनवाए स्वयं सहायता समूह से आप लोग छोटा छोटा उघोग कर सकते है जैसे अगरबत्ती बनाना अचार बनाना सिलाई करना मुरब्बा बनाना आदि से स्वंयरोजगार कर सकते है **रवि मौर्य {प्रधान}** जी अपना विचार रखते हुए बताया कि ग्रामीण विकास समिति के सचिव महंथराज जी को आभार व्यक्त करता हु आप महिलाओ के प्रति इतना अच्छा कार्य कर रहे है यहाँ पर जो काम होता है सब को आकर बनवाना चाहिए पेंशन, राशन कार्ड श्रमिक कार्ड कन्या सुमंगला योजना सभी योजना का आवेदन आप को नारी संघ कार्यालय मे आकर अवश्य करवाए

ग्रामीण विकास समिति बहरीपुर

**संस्था सचिव महंथराज** द्वारा समुदाय कि योजना कि जानकारी व योजना से जुड़ाव के लिए बताया कि आप लोग स्वयं आगे बढ़कर हिस्सा लेना होगा तभी गरीबी और निर्धनता समाप्त होगी आगे भी सहयोग का आश्वासन दिया इसमे 112 महिला व 13 पुरुष के साथ-साथ ग्राम विकास अधिकारी रणजीत सिंह भी उपस्थित रहे कार्यक्रम का सकुशल संचालन कार्यक्रम समन्वय राकेश राव ने किया



**गणतंत्र दिवस** 26/01/2025 को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर कार्यालय पर मनाया गया संस्था सचिव महंथराज द्वारा झण्डा रोहण किया गया तत्पश्चात सीमा व रीता के द्वारा गीत गया गया उसके बाद सभी अगुवाओ का नाम व संगठन के साथ परिचय पूछा गया **अन्जू** द्वारा बताया गया भारत का संबिधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था इस लिए हम लोग गणतंत्र दिवस के रूप मे मनाते है हम सभी को संबिधान पढ़ना चाहिए **शिव कुमार** ने बताया हम लोग सरकार द्वारा जो भी योनाए चल रही उसको बैठक के माध्यम से जानकारी देते और आप लोग आवेदन करवाने के नारी संघ कार्यालय पर आए यह कार्यालय आप सब का है और सभी योजनाओ से जुड़ाव हो सके **सीमा देवी {उजाला नारी संघ}** ने बताया जब से ग्रामीण विकास समिति हमारे ग्राम पंचायत मे कार्य करने के लिए आ रही है तब से बहुत काम हुआ हमारे गाँव मे बहुत लोगों का श्रमिक कार्ड, पेंशन, कन्या सुमंगल योजना का लाभ मिल रहा है **विवेक विश्वकर्मा** जी अपना परिचय देते हुए बताया कि आप लोग जो भी आवेदन करवाना हो नारी संघ कार्यालय पर आए और अपना आवेदन करवाए तभी योजना से जुड़ाव हो सकता है **महंथराज** द्वारा बताया गया जब तक संबिधान नहीं लागू हुआ था हम लोग स्वतंत्र नहीं थे किसी भी कार्य को नहीं कर पाते थे और अंत मे कार्यक्रम सफलता पर विचार रखते हुए सभी को आभार व्यक्त किया जिसमे संस्था के सहयोगी साथी शिव कुमार, अंजू ,संगीता,रामकृष्णा,विवेक कुमार, महंथराज तथा 59 महिला व पुरुष उपस्थित रहे कार्य कर्म का संचालन कार्यक्रम समन्वयक राकेश राव ने किया

**दो दिवसीय स्टाफ प्रशिक्षण** 07/02/2025 को स्टाफ प्रशिक्षण ग्रामीण समिति के ग्रामीण महिला सशक्तिकरण परियोजना कार्यलय पर किया गया जिसकी सुरुआत अंजू व संगीता जी के स्वागत गीत से किया गया तत्पश्चात **संस्था सचिव महंथ राज** द्वारा बताया गया कि एक कार्यकर्ता मे क्या क्या गुण होने चाहिए




- **संवेदना और संवेदनशील** संवेदना मे दूसरों कि भावनाओ को समझने और उनके साथ सहनीभूति रखने कि क्षमता कि शामिल करते है और संवेदनशील का अर्थ है दूसरों की भावनाओ के प्रति जागरूक और संवेदनशील होना
- **संवाद** का अर्थ है दो या दो से अधिक लोगों के बीच आदान - प्रदान करना संवाद एक संज्ञा है संवाद शब्द का इस्तेमाल किसी विशेष मुद्दे पर विचारों या राय के आदान -प्रदान के लिए किया जाता है
- **सहयोगिता** एक दूसरे को सहयोग करना एवं सहयोगिता के जरिए कोई भी काम आसानी से पूरा किया जा सकता है और लक्ष्य भी हासिल किया जा सकता है

- **नैतिकता** सही और गलत अच्छा और बुरा तय करने के लिए मानकों का एक समूह है यह एक व्यक्ति कि अच्छाई या सदाचार भी है नैतिकता समाज या संस्कृति के मूल्यों पर आधारित होती है
- **संकल्प शक्ति** किसी भी काम को करने कि इच्छा या दृढ़ निश्चय यह एक मानसिक या नैतिक शक्ति है संकल्प शक्ति से व्यक्ति के जीवन मे बदलाव आता है और वह अपने जीवन को नया मुकाम देता है

तथा सभी गुणों के विषय मे विस्तार पूर्वक चर्चा व जानकारी दिया एक कार्यकर्ता के क्षमता वर्धन पर भी चर्चा किया तपश्चात **कार्यक्रम समन्वयक राकेश राव** अपना विचार रखते हुए बताया की हमारा कार्य समय से पूरा होना चाहिए और जो लक्ष्य है उसको हमेशा ध्यान रखना चाहिए जिससे जिसका जो टारगेट मिलता है उसको समय से पूरा करना चाहिए तथा जो मुद्दा है उस मुद्दे को लेकर ब्लाक स्तर से तहसील स्तर पर लेकर जाने के योजना तैयार करना चाहिए **द्वितीय दिन** 08/02/2025 दूसरे दिन कि सुरुआत सबसे पहले सभी से परिचय हुआ सभी लोग अपना-अपना परिचय दिए इसके तुरंत बाद **पंकज** जी ने बताया एक कार्यकर्ता के अन्दर क्या क्या गुण होना चाहिए तथा इसके बाद संविधान पर चर्चा किया सामाजिक दायित्व होना बहुत जरूरी है **संविधान** समाज को चलाने के लिए जो नियम कानून बनाए जाते है और समाज उसी नियम कानून पर चलता है उसे ही संविधान कहते है तथा **संगठन** कि जरूरत समाज को संगठित करने के लिए संगठन कि जरूरत होती है सबसे पहले संगठन को चलाने के लिए लीडर होना अति आवश्यक है तथा लीडर का परिभाषा भी बताया **LEADER**

- **L - LOYAL [** इमानदायर ,वफादार **]**
- **E - EDUCATION [** शिक्षित **]**
- **A - AUILABLE [** उपलब्ध मिलनसार **]**
- **D - DEDICATION [** समर्पण **]**
- **E - EMPATHI [** सहानुभूति **]**
- **R - RESPONSIBILITY[** जिम्मेदार व उत्तर दायित्व **]**

इतना गुण हर लीडर के अंदर होना चाहिए जिससे उसको काम करने मे कोई परेशानी न हो तभी सफल हो सकता है और काम का भी प्रक्रिया हो सकती है तत्पश्चात मानवाधिकार के विषय मे चर्चा किया **मानवाधिकार / लोक कल्याण कारी राज्य** जीवन जीने के अधिकार और गरिमामय जीवन जीने के अधिकार को मानवाधिकार कहते है और लोक कल्याणकारी राज्य मे रोटी, कपड़ा, मकान, स्वास्थ्य, शिक्षा सुरक्षा सम्मान आदि उपलब्ध हो सके लोक कल्याणकारी राज्य कहते है संगठन चलने के तीन बातो कि जरूरत होती है 1 विचार धारा 2 लोग - समाज 3 अर्थ [पैसा] तथा इसके साथ साथ योजनाओ पर पहुच व जुड़ाव हो सके **रणजीत** जी संविधान के उद्देशिका पर विचार दिया तत्पश्चात सभी को अभिवादन दिया आगे कि रणनीति पर कार्य करने के लिए कहा जिसमे सभी साथी दोनों दिन उपस्थित रहे

**अन्तर्राष्टीय महिला दिवस का आयोजन** 8/03/2025 को मल्लूपुर मे सीमा जी के घर पर




उजाला नारी संघ के साथ अन्तर्राष्टीय महिला दिवस मनाया गया जिसकी अध्यक्षता सुनीता जी ने किया कार्यक्रम कि सुरुआत परिचय से हुआ तत्पश्चात शिवकुमार द्वारा कार्यक्रम का उद्देश्य बताया गया तथा महिला दिवस क्यू मनाया जाता है इसपे चर्चा किया तत्पश्चात संस्था सचिव श्री महंथ राज जी ने बताया पहला अन्तर्राष्टीय महिला दिवस 1911 मे जर्मनी, आस्ट्रेलिया, डेनमार्क मे मनाया गया इटली

मे महिलाओ को 8 मार्च को महिलाओ को फूल देकर मनाया जाता है साथ ही महिलाओ के उपलब्धियों पर भी चर्चा किए और महिला सशक्ति करण पर जोर देने कि बात कही **राकेश राव** द्वारा बताया गया सभी महिलाओ को संगठीत रहने कि जरूरत है अन्तर्राष्टीय महिला दिवस महिलाओ कि उपलब्धियों का सम्मान करने और लैंगिक समानता कि वकालत करने के लिए 8 मार्च को दुनिया भर मे मनाया जाता है 2025 मे थीं सभी महिलाओ और लड़कियो के लिए अधिकार समानता सशक्तिकरण है जो लैंगिक समानता कि दिशा मे प्रगति को तेज करने कि तत्काल आवश्यकता पर जोर देती है **अंजू जी** ने बताया कि रूस मे 1917 कि क्रांति के दौरान महिलाओ ने बड़ी संख्या मे प्रदर्शन किया उन्होंने युद्ध के खिलाफ आवाज और बेहतर अधिकारों कि मांग कि महिलाओ कि इस आंदोलन ने वहाँ सरकार को झुकने पर मजबूर कर दिया और उन्हे वोटिंग का अधिकार मिला यह प्रदर्शन 8 मार्च को हुआ था इसलिए इस तारीख को महिला दिवस के रूप मे मनाया जाता है, **महिला दिवस मनाने का मकसद** महिला दिवस मनाने का निम्न मकसद है [1] महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना [2] महिलाओ को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना [3] लैंगिक समानता का बढ़ावा देना [4] महिला शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों मे सुधार करना तथा एक संगठन  गीत भी प्रस्तुत किया इस अवसर पर 31 महिला व 7 पुरुष उपस्थित रहे




**ग्राम व पुरवा स्तर पर नारी संघ महिलाओ के साथ बैठक -** गाँव व पुरवा स्तर पर नारी संघ महिलाओ युवाओ पुरुषों के साथ बैठक लगातार आयोजित किया गया जिसमे नारी संघ संगठन का नाम सबको बताया गया और अगुवाओ द्वारा सामूहिक व व्यक्तिगत मुद्दों पर चर्चा की गयी जिसमे पेंशन, राशन कार्ड,मनरेगा काम, मनरेगा जाब कार्ड, सामूहिक विवाह आवास शौचालय, सभी मुद्दों पर चर्चा किया गया तथा सभी गाँव व पूरवा मे मार्च तक कुल अलग अलग संगठनों के साथ 32 बैठक किया गया जिसमे 366  महिला तथा 106 पुरुष उपस्थित रहे

**सफलताये -**

**5 ग्राम पंचायत के बहरीपुर मे 17 आवास igrs के माध्यम आवेदन किया गया और 06 शौचालय आवेदन किया गया**

**44 नया जॉब कार्ड आवेदन 21 जॉब कार्ड मे सदस्य बढ़वाने के आवेदन किया  गया 135 लोगों का मनरेगा मे काम दिलवाया गया 30 नया राशन कार्ड आवेदन किया गया 48 राशन कार्ड मे यूनिट नारी संघ के माध्यम से बढ़वाने के आवेदन किया गया 52 लोगों का पेंशन आवेदन किया गया जिसमे 5 लोगों का आना सुरू हो गया तथा 30 श्रमिक कार्ड बना एवं पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत 45 लोगों का सिलाई मे आवेदन किया गया अज़ीम प्रेम जी स्कालरशिप मे 142 लड़कियों का आवेदन किया गया तथा कन्या सुमंगला योजना 25 बच्ची का जुड़ाव हुआ पी यम किसान सम्माननिधी 10 लोगों का आवेदन हुआ तथा  मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मे 8 लोगों का हुआ**

**केश स्टडी-**

**<u>संगठन कि सफलता कि कहानी</u>** जनपद जौनपुर के विकास खण्ड बदलापुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मल्लूपुर मे एक बनबासी बस्ती है जिसमे आज तक रोड नहीं बना था जिसमे लोगों को आने जाने मे बहुत दिक्कत होती थी बरसात मे बहुत ही कठिनाओ का सामना करना पड़ता था किसी कि तवीयत खराब होता था तो चारपाई पर रोड तक लेकर आना पड़ता था जिसको लेकर कई बार प्रधान से मिल कर बताया गया फिर भी प्रधान जी ने ध्यान नहीं इधर उधर कह कर बात को टाल देते थे कुटुरा, नीलम, रत्ना, इंद्रा, हिरावती आदि (विरसा मुंडा नारी संघ) के महिलाओ ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर भी जाकर अप्लीकेशन दिया गया कई बार ब्लाक पर संगठन द्वारा जाया गया उसके बाद संगठन के हुंकार से प्रधान के सहयोग से पिच रोड से बनवासी बस्ती तक इंटरलाकिंग नवंबर माह मे निर्माण हुआ

**प्रेरणा स्रोत**

[1] जिला नेहरू युवा केंद्र जौनपुर [2] उपवन उत्तर प्रदेश
[3] कासा उत्तर प्रदेश [4] नालंदा उत्तर प्रदेश
[5] साथी उत्तर प्रदेश [6] आई यस आई नई दिल्ली
[7] आई यस डी नई दिल्ली [9] पीस नई दिल्ली

**वित्तीय स्रोत**

[1] अजीम प्रेम जी बैंगलुरु [2] जी जी यफ युनायटेड किंगडम [3] सी सी यफ डी फ्रांस
[4] दान चन्दा [5] सदस्यता

**चुनौतिया**

[1] सामाजिक कुरीतिया [2] उत्पीड़न शोषण / महिला असमानता [3] सामाजिक गैर बराबरी
[4] बेरोजगारी व निर्धनता [5] अशिक्षा व जागरूकता कि कमी [6] भूमि हीनता

**भावी कार्यक्रम**

[1] महिला सशक्ति कार्यक्रम [2] स्वरोजगार प्रशिक्षण व परंपरागत जैविक संरक्षण
[3] स्थानीय स्वशासन / पंचायत मे महिला भागीदारी [4] भूमि अधिकार
[5] बालिका शिक्षा / बाल अधिकार [6] स्वास्थ्य व पर्यावरण






ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम
(ERW)
नारी संघ की बैठक


ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम
नारी संघ की बैठक
अर्जुनपुर




INFINIX HOT 8 | 13MP
AI TRIPLE CAMERA


ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम
(ERW)
अगुवाओं का प्रशिक्षण


परियोजना कार्यालय
ग्रामीण महिला सशक्तिकरण
realme Shot by km24
2024/04/02 14:45


ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम
(ERW)
प्रशिक्षण
अगुवाओं का प्रशिक्षण
स्थान-कार्यालय (GVS)
आयोजक-ग्रामीण विकास समिति, बहरीपुर, जौनपुर, उ.प्र.



# पेपर कटिंग

SachAapTak
सच आप तक
02/04/2024, जौनपुर, उत्तर प्रदेश

## ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन बैनर तले अंतर्राष्ट्रीय बाल पुस्तक दिवस कार्यक्रम के अवसर पर किताबों के प्रति जागरूक किया गया।

ब्यूरो रिपोर्ट जौनपुर




जौनपुर। दिनांक 2-4-2024 को कार्यालय ग्रामीण विकास समिति बहरीपुर जौनपुर के बैनर तले अंतरराष्ट्रीय बाल पुस्तक दिवस ...

---


स्वदेश भारत न्यूज़
जौनपुर उत्तर प्रदेश
शुक्रवार 16 अगस्त 2024
WWW.SVADESHBHARATNEWS.COM



## स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर प... तहसील क्षेत्र मड़ियाहूं के बेलवा बाजार मे भव्य तिरंगा यात्रा का गया आयोजन।



## जनपद जौनपुर बदलापुर ब्लॉक के अंतर्गत बहरीपुर में हुआ कार्यक्रम।





---

स्वदेश भारत न्यूज़
जौनपुर उत्तर प्रदेश
रविवार 20 अक्टूबर 2024
website: WWW.SVADESHBHARATNEWS.COM

## दो दिवसीय ब्लाक स्तरीय महिला जागुरुकता कार्यक्रम।



आज दिनांक 18-19 अक्टूबर 2024 दो दिवसीय ब्लाक स्तरीय महिला जागुरुकता कार्यक्रम
ग्रामीण विकास समिति के नारी संघ कार्यालय पर दिनांक 18-19 अक्टूबर 2024 को दो दिवसीय ब्लाक स्तरीय महिला जागुरुकता कार्यक्रम किया गया जिसकी अध्यक्षता हाजरा वेगम ने किया जिसकी उपाध्यक्षता संतरा देवी द्वारा किया गया कार्यक्रम की शुरुआत एक प्रार्थना से किया गया जिसकी बोल-" इतनी शक्ति हमें देना दाता तत्पश्चात सभी सहभागियों ने अपना परिचय देते हुए अपनी ज़िम्मेदारी पर चर्चा किया तत्पश्चात निर्मल बौद्ध सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा गीत के माध्यम से संगठन पर चर्चा किया गया और द्वारा रासन कार्ड, मानरेगा, शौचालय, किसान सम्मान निधि, कन्या सुमंगला योजना, श्रमिक कार्ड, सामूहिक विवाह के आवेदन एवं दस्तावेज़ के विषय मे जानकारी दिया गया। उसके बाद कंचन जी द्वारा महिलाओ को आगे उन्हे सक्रिय करने हेतु एक गीत गाया गया। जिसकी बोल -" कारे बादल कारे बादल आ जरा झूम और दूसरा गीत बहना हो बहना किसान बहना तत्पश्चात आवास की मांग को लेकर एक नाटक प्रस्तुत किया गया उसके बाद ... पर एक खेल हुआ इस खेल द्वारा अधिकारियों और लीडर पर एक समझ बनाया गया। मीरा जी द्वारा संगठन, शिक्षा, महिला हिंसा और महिलाओ के हौसले के विषय मे बताया गया इस अवसर पर ग्रामीण विकास समिति के सचिव श्री महन्थराज जी द्वारा संगठन के प्रति जागरूक करते हुये संगठन के ताकतों पर विस्तार से चर्चा किया गया इस कार्यक्रम में 61 महिला व ... पुरुषो ने भाग लिया नारी संघ महिला जागुरुकता कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार जी द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में राकेश कुमार विवेक कुमार रामकृष्ण संगीता अंजू जी ने सहयोग किया।

---

SachAapTak
सच आप तक
Thursday 6th June 2024 — जौनपुर, उत्तर प्रदेश — ब्यूरो रिपोर्ट जौनपुर

## ग्रामीण विकास समिति द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया।



जनपद जौनपुर। पर्यावरण दिवस आज दिनांक 05 जून 2024 को अर्जुनपुर गांव में ग्रामीण विकास समिति द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। ...

---

SachAapTak
सच आप तक
04/04/2024, जौनपुर, उत्तर प्रदेश

## ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय विटामिन दिवस के शुभ अवसर पर जागरूकता अभियान चलाया गया।



ब्यूरो रिपोर्ट जौनपुर

जौनपुर। दिनांक 04/04/2024 को ग्राम पंचायत महदा विकास खंड बदलापुर जिला जौनपुर में ग्रामीण विकास समिति बहरीपुर जौनपुर के ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय विटामिन दिवस के शुभ अवसर पर जागरूकता अभियान ...

---

स्वदेश भारत न्यूज़
जौनपुर उत्तर प्रदेश
शनिवार 4 जनवरी 2025
website: WWW.SVADESHBHARATNEWS.COM

## माता साबित्री बाईफूले का जन्म दिवस ग्रामीण विकास समिति कार्यालय बहरीपुर में आयोजित किया गया।



जनपद जौनपुर बहरीपुर मे आज दिनांक 03.01.2025 को माता साबित्री बाईफूले का जन्म दिवस ग्रामीण विकास समिति कार्यालय बहरीपुर में आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता अन्जू ने किया तत्पश्चात शिवकुमार जी साबित्री बाईफूले के जीवन संघर्ष बारे में बताते हुये सभी को अपने बच्चो की शिक्षा पर जोर दे। कार्यक्रम समन्वयक राकेश राव जी ने अपना विचार रखते हुये बताया हर इन्सान के अन्दर शिक्षा बहुत जरूरी है। साबित्रीबाई फूले जी ने समाज मे शिक्षा देने के लिये बहुत बडा संघर्ष किया है।
संस्था सचिव महन्थराज जी सभी आये हुये प्रति भागियो को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाये देते हुये सभी का अभिवादन किया आज जो हमारा समाज आज इतना पीछे है कि कोई भी योजना का लाभ सही समय पर नही ले पाते है इसलिये हम आप सब को बताना चाहते है कि आप लोग जागरूक हो और जो भी हमारे साथी आप सब के बीच मे जाकर जानकारी देते है उसको जरूर सुने और अमल करे तभी आप सभी लोगो को योजना का लाभ मिल सकता है और आपकी सुविधा के लिये नारी संघ कार्यालय है जो आप सब का है।
कार्यक्रम संचालन केन्द्र सहायक विवेक विश्वकर्मा जी ने किया जिसमे 38 महिलाये तथा 5 पुरूष उपस्थित रहे। संगीता, अन्जू, गीता, नीलम, सीमा, अंजु, नीलम रतासी,रेखा आदि लोगो ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया।

---

स्वदेश भारत न्यूज़
जौनपुर उत्तर प्रदेश
शनिवार 21 दिसंबर 2024
website: WWW.SVADESHBHARATNEWS.COM

## जौनपुर के बदलापुर बहरीपुर मे हुआ एक दिवसीय ब्लाक स्तरीय महिला जागुरुकता कार्यक्रम।



दिनांक 20 दिसंबर 2024 को एक दिवसीय ब्लाक स्तरीय महिला जागुरुकता कार्यक्रम किया गया जिसकी अध्यक्षता गीता ने किया जिसकी उपाध्यक्षता हाजरा बेगम द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत से किया गया जिसकी बोल-" श्री मान आपका स्वागता है। तत्पश्चात संतराम जी द्वारा संगठन क्या है, क्यो है, के विषय मे बाबा साहब द्वारा दिया गया मौलिक अधिकार के विषय मे जानकारी जैसे-शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान, पर उपस्थित प्रतिभागियो को जानकारी प्रदान किया गया।
कप्तान शिद्धांत जी द्वारा माता सावित्री बाई फुले द्वारा किए गए शिक्षा के संघर्षो पर उपस्थित परतिभागियों को विस्तार से बातया गया एवं बाबा साहब के संघर्षो पर उद्बोधन किया गया। रेशमा जी द्वारा महिला सशक्तिकरण पर चर्चा करते हुये बताया गया कि किसी भी मीटिंग बैठक मे महिलाओ कि बराबरी कि अगुवाई होनी चाहिए महिलाओ को अपने अधिकारो के बारे मे जानकारी होनी चाहिए ताकि किसी भी समस्या का सामना कर सके और अपना निर्णय स्वयं ले सके। तत्पश्चात संस्था सचिव महन्थ राज जी द्वारा चल रही सरकारी योजनावों के विषय मे जानकारी देते हुये बताया गया कि जो भी सरकार कि कल्याणकारी योजनाए चल रही है उसमे महिलाओ कि भागीदारी जानकारी के अभाव मे नहीं हो पाती है जिसे लेने के लिए काफी समस्याओ का सामना करना पड़ता है हमारे जो भी कार्यकर्ता आपके गाँव मे जाते है उनसे जानकारी लेकर बिभागीय कार्यवाही या आवेदन करने का अवश्य प्रयास करे। तत्पश्चात विवेक जी द्वारा सहभागियों ने अपना परिचय देते हुये रासन कार्ड, मानरेगा, शौचालय, किसान सम्मान निधि, कन्या सुमंगला योजना, श्रमिक क

